# Sitting Arrangement

1. A, B, C, D व E एक पंक्ति में बैठे है। C, E के बायें से तीसरा है, पर किसी छोर पर नहीं है। B, C के पास नहीं है। A किसी छोर पर नहीं है। B के बायें से तीसरा कौन है?
2. A, B, C, D व E एक पंक्ति में बैठे है। A B के बायें से दूसरा है व E व D के बीच में है। E, B के पास नहीं है। C, E के पास नहीं है। दायें छोर से तीसरा कौनसा है?
3. P, Q, R, S, T व U एक पंक्ति में दक्षिण की ओर देखते हुए बैठे है। R, P के दायें से चौथी है, जो कि किसी छोर पर नहीं है। T, P या R में से किसी के पास नहीं है। S U के दायें चौथे है। R के ठीक बायें कौन है?
4. L, M, N, O, P व Q एक पंक्ति में बैठे है। N व M के मध्य केवल एक व्यक्ति। L O का पड़ौसी है। P, Q के दायें से दूसरा है। Q, L के बायें से तीसरा है, जो O के ठीक बायें है। N किसी छोर पर नहीं है। N का बायें छोर से कौनसा स्थान है?
5. A, B, C, D, E व F एक पंक्ति में बैठे है। A, E के दायें से तीसरा है। C किसी छोर से चौथा है। B, A व D के बीच में है व F के दायें से तीसरा है। D व C के बीच में कौन है?
   (a) A, B (b) B व E
   (c) E व A (d) A व F
6. A, B, C, D, E, F व G एक पंक्ति में बैठे है। E, F के बायें से दूसरा है। ना ही B व ना ही D, E या F के पड़ौसी है। D, G के पा नहीं है, जो कि C के बायें से दूसरा है। E, A के दायें से तीसरा है।
   (i) B व D के मध्य कितने लोग है?
   (ii) बायें छोर पर कौन है?
7. L, P, Q, R, S व T एक पंक्ति में दक्षिण की ओर देखते हुए बैठे है। Q, T के बायें चौथा है व किसी छोर पर नहीं है। R व T के मध्य केवल एक व्यक्ति है। ना ही S व ना ही L किसी छोर पे है। L, Q के पास नहीं है।
   (i) R के ठीक दायें से कौन है?
   (ii) T के संबंध में Q का स्थान कौनसा है?
8. A, B, C, D, E, F, G, H, I व J, 10 मित्र है व समान संख्या में दो पंक्ति जो एक-दूसरे के सम्मुख है, खड़े है। एक पंक्ति उत्तर की ओर देख रही है व दूसरी दक्षिण की ओर।
   D, A के दायें से तीसरा है व G के ठीक सामने है।
   B, G के ठीक दायें है व दक्षिण की ओर नहीं देख रहा। H, B के दायें से तीसरा है व F के ठीक सामने है। C, A व E के ठीक बीच व I के ठीक सामने है।
   (i) H के ठीक दायें कौन है?
   (ii) दक्षिण मुखी पंक्ति के दोनों छोर पे कौन है?
   (a) FC (b) HG
   (c) FD (d) IH
9. 8 सहेलियां, लक्ष्मी, सोना, निशा, अंजली, प्रियंका, कुसुम रवीना व सोनिया एक पंक्ति में बैठे है। अंजली मोना के बायें से दूसरा है जो रवीना के बायें से तीसरा है। लक्ष्मी व सोनिया के मध्य एक लड़की है। लक्ष्मी व निशा के मध्य केवल मोना है। सोनिया व प्रियंका में से कोई भी किसी छोर पर नहीं है।
   (i) कुसुम का स्थान लक्ष्मी के संदर्भ में कौनसा है?
   (ii) दायें छोर से दूसरी कौन है?
10. L, M, N, O, P, Q, R व S एक पंक्ति में बैठे है। R, L के बायें से तीसरा है जो O के बायें से दूसरा है। ना ही M व ना ही P, R के पास है। M व P के मध्य केवल एक व्यक्ति है। R किसी छोर पर नहीं है। Q, L के बायें से दूसरा है। N, S के दायें से तीसरा है।
    (i) दायें छोर से तीसरा कौन है?
    (ii) L व R के बीच कौन-कौन है?
11. A, B, C, D, E, F, G व H एक गोलाकार घेरे में केन्द्र की ओर देखते हुए बैठे है। AC, DG, HE व FB जोड़ों में बैठे है। A, H के पास है। B, H के दायें से दूसरा है। D, C के पास नहीं है। C के बायें से दूसरा कौन है?
12. छ: दोस्त केन्द्र की ओर देखते हुए वृत्तीय आकार में बैठे है। रमेश, चेतन के ठीक बायें है, जो श्याम के ठीक बायें है। जॉन, चेतन के बायें से दूसरा है। इमरान, मोहन व श्याम के बीच में है, तो रमेश के बायें से दूसरा कौन है?
13. L, M, N, O, P व Q एक वृत्ताकार घेरे में केन्द्र की ओर देखते बैठे है।
    L, M के दायें से दूसरा है।
    L तथा P के बीच Q नहीं है।
    N, M के तुरंत बायें है तो O के तुरंत दायें कौन है?
14. 8 मित्र L, M, N, O, P, Q, R व S एक वृत्ताकार घेरे में केन्द्र की ओर देखते हुए बैठे है। M, O व R के बीच में तथा S के दायें से तीसरा है, जो L के दायें से दूसरा है। N, L व R के बीच में है। M व P एक-दूसरे के सामने नहीं है।
    (i) M के दायें से दूसरा कौन है?
    (ii) Q के दायें से दूसरा कौन है?
15. A, B, C, D E, F, G व H एक वृत्ताकार घेरे में केन्द्र की ओर देखते हुए बैठे है। A, F के दायें चौथा व G व C के ठीक बीच में है। E, F के बायें से दूसरा है व A दायें से दूसरा है व H और C के बीच में है। D, G के बायें से दूसरा है।
    (i) B के दायें क्रमिक तीन निम्न में से कौन है?
    (a) GAC (b) DFH
    (c) CEH (d) ACE
    (ii) D के पड़ौसी कौन-कौन है?
    (a) C, H (b) B, F
    (c) E, F (d) B, H



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

16. P, Q, R, S, T, V, W व Z, एक वृत्ताकार घेरे में केन्द्र की ओर देखते हुए बैठे है। S, V के दायें से दूसरा है, जो T के दायें से तीसरा है। Q, T के बायें से दूसरा है व Z के दायें से चौथा है। W, P के दायें से तीसरा है, जो कि T का पड़ौसी नहीं है।

(i) भिन्न बाहर करें-

(a) ZRV (b) SPQ

(c) VZP (d) TWR

(e) QWT

(ii) W के ठीक बायें कौन है?



उत्कर्ष JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213